an>

Title: Need to provide adequate security to senior citizens.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) ः मैं सरकार का ध्यान वर्तमान व्यस्तता से उत्पन्न होने वाली एक अव्यवस्था की ओर दिलाना चाहती हें जिसकी उत्पत्ति का केन्द्र बड़े-बड़े महानगर हैं जहां लोग अपनी व्यस्ततम् जिंदगी में अपने बूढ़े मां-बाप और बुजुर्गों को भूल जाते हैं, जिसका फायदा बड़े-बड़े बिल्डर व माफिया उठा लते हैं। अर्थात् ऐसे बुजुर्ग (सीनियर सिटीजन) जो महानगर सरीखे बड़े शहरों में रहते हैं जिनकी देख-रेख का जिम्मा पुलिस प्रशासन का होता है और वे खुद एक बड़ी सम्पत्ति के मालिक होते हैं वहीं सम्पत्ति उनकी जान के लिए खतरा बनी रहती है। कई बार मीडिया के माध्यम से ये जानकारी हमें मिलती है कि किस प्रकार बुजुर्गों की सम्पत्ति पर नज़र लगाए भू-माफिया उनकी जान ले लेते हैं और पुलिस के लोग इन घटनाओं को आत्महत्या दर्शा कर घटना की फाइल बंद कर देते हैं।

अतः मेरा अनुरोध है कि ऐसी बंद फाइलों की पुनः जांच कराई जाए व उनकी सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जाए।